प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 11.06.2024
जनपद सोनभद्र

UP STF व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 03 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 02 अदद वैगनार कार से 95 किलो 210 ग्राम मादक पदार्थ गांजा (कार व गांजा का कुल अनुमानित कीमत 22 लाख रुपये) बरामद ।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में अनवरत ताबड़तोड़ कार्यवाही की कड़ी में मारक आसूचना संजाल से, दिनांक 10.06.2024 को प्राप्त मुखबिरी सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए UP STF व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा हिन्दुआरी तिराहे से करमा को जाने वाली सड़क पर शिवशक्ति ढाबा के पास से समय 11.45 बजे 02 अदद वैगनार कार संख्या क्रमश: HR55AM9423 व HR55AQ8945 के डिग्गी में प्लास्टिक की बोरियों में **कुल 95.210 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (कार व गांजा का कुल अनुमानित कीमत 22 लाख रुपये)** के साथ 03 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया । इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर **मु0अ0सं0 417/2024 धारा 8/20/25/29/60 NDPS Act** का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विवरण पूछताछ- पूछताछ करने पर विपिन व अमित ने बताया कि हम लोग अपनी-अपनी गाड़ी के चालक हैं हम दोनों लोगों को दौलत राज नोएडा से लेकर आये हैं और रामगढ़ सोनभद्र में किसी के यहां से दोनों गाड़ियों में गांजा भरवाया था, जिसे लेकर हम लोग नोएडा जा रहे थे तथा दौलत राज से पूछताछ करने पर बताया कि मैं कुछ माह से बिजेन्द्र नामक व्यक्ति के सम्पर्क में था, उसे ऑनलाइन रुपया ट्रांसफर करके नोएडा से 02-02 करके लड़कों को बस से रामगढ़ सोनभद्र भेजता था। जनपद मीरजापुर पुलिस द्वारा दिनांक 06.06.2024 को मेरे इस कारोबार के 02 लड़कों को गांजा के साथ पकड़ लिया गया था। उसके बाद मै इन दोनों लड़कों विपिन व अमित के इन वैगनार गाड़ी के माध्यम से अधिक मुनाफा कमाने के लालच में रामगढ़, सोनभद्र से विजेन्द्र नाम के व्यक्ति से गांजा लेकर नोएडा जा रहा था आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण –

1. दौलतराज पुत्र रामबिलास चौधरी निवासी गली नं0- 04 ममूरा सेक्टर 66 थाना फेज-3 गौतमबुद्ध नगर जनपद गौतम बुद्ध नगर उम्र लगभग 29 वर्ष ।
2. विपिन चौधरी पुत्र रामदेव चौधरी निवासी मिलकलच्छी ग्रेटर नोएडा बिसरख, जनपद गौतमबुद्ध नगर उम्र लगभग 26 वर्ष ।
3. अमित कुमार पुत्र मूलचन्द निवासी पतवाड़ी थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्ध नगर उम्र लगभग 28 वर्ष ।

<u>वांछित अभियुक्त-</u>

बिजेन्द्र पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. 95.210 किलोग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये)
2. 02 अदद वैगनार कार संख्या क्रमशः HR55AM9423 व HR55AQ8945 (कीमत लगभग 12 लाख रुपये)।
3. 04 अदद मोबाइल फोन।
4. ड्राइविंग लाइसेंस, वीजा, ए0टी0एम0।
7. 1600 रुपये नगद।

<u>गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरणः-</u>

01. प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र राय थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
02. उ0नि0 वीरेन्द्र सिंह यादव, STF टीम लखनऊ उत्तर प्रदेश।
03. मु0आ0 प्रभात कुमार, मु0आ0 नीरज कुमार, आरक्षी अंकुर मिश्रा, STF टीम लखनऊ उत्तर प्रदेश।
03. हे0का0 रविकान्त गौतम, आरक्षी विनय कुमार, आरक्षी रमेश गौड़ थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।